| दिनांक 15.09.2024 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 20/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कन्नौज/थाना ठठिया**

- **पुलिस कार्यवाही में 25—25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 12 हजार 880 रूपये नगद**
- **लूट के सोने के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 15.09.2024 को थाना ठठिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर खैरनगर रोड अलियापुर तिराहा के पास मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—विवेक उर्फ पिन्टू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—कृष्णा 3—हंसू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 12 हजार 880 रूपये नगद, लूट के सोने के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिसमे अभियुक्त विवेक उर्फ पिन्टू के विरूद्ध जनपद कन्नौज व हरदोई के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग एवं अभियुक्त हंसू के विरूद्ध जनपद हरदोई व कन्नौज के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना ठठिया पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25—25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना ठठिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विवेक उर्फ पिन्टू निवासी ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2—कृष्णा निवासी ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

3—हंसू निवासी ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1—लूट के 12 हजार 880 रूपये नगद।

2—लूट के सोने के आभूषण।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4—01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

**जनपद कुशीनगर/थाना खड्डा**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 05 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 14.09.2024 को थाना हनुमानगंज, थाना खड्डा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अहिरौली बन्धा के पास मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त नौसाद उर्फ मूस घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 05 हजार रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना तमकुहीराज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना खड्डा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नौसाद उर्फ मूस निवासी लतवामुरलीधर थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी के 05 हजार रूपये नगद।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद आजमगढ़/थाना रौनापार**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल बिक्री के 02 हजार 740 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 15.09.2024 को थाना रौनापार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सुदनीपुर फोन टॉवर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त पप्पू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के माल बिक्री के 02 हजार 740 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रौनापार पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रौनापार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–पप्पू निवासी महुला थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के माल बिक्री के 02 हजार 740 रूपये नगद।

## जनपद कुशीनगर/थाना तुर्कपट्टी

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 18 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के चाँदी के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 15.09.2024 को थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बेलवा बुजुर्ग के पास से 04 अभियुक्तों 1–विपिन 2–रोहित 3–सेराज 4–राजन को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 18 हजार रूपये नगद, चोरी के चाँदी के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना तुर्कपट्टी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना तुर्कपट्टी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विपिन के विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 08 अभियोग, अभियुक्त रोहित व सेराज के विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06–06 अभियोग एवं अभियुक्त राजन के विरूद्ध जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विपिन निवासी ग्राम अमवा चौधरी जोकवा बाजार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

2—रोहित निवासी ग्राम जोकवा बाजार थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

3—सेराज निवासी ग्राम अमवा दूबे थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

4—राजन निवासी ग्राम अमवा दूबे थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1—चोरी के 18 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के चाँदी के आभूषण आदि।

**जनपद इटावा/थाना चकरनगर**

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी का 01 ट्रैक्टर**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 14/15.09.2024 को थाना चकरनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम गोपालपुरा के पास से पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्तों 1—राधा कृष्ण उर्फ लाला उर्फ मामा 2—अंकुश 3—संदीप 4—बृजेन्द्र कुमार 5—नेमसिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी का 01 ट्रैक्टर, 03 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.09.2024 को थाना चकरनगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चकरनगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना चकरनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राधा कृष्ण उर्फ लाला उर्फ मामा निवासी कनौठा थाना ऊमरी जनपद भिण्ड मध्यप्रदेश।

2–अंकुश निवासी मरधाना थाना फूफ जनपद भिण्ड मध्यप्रदेश।

3–संदीप निवासी छिबरौली थाना चकरनगर जनपद इटावा।

4–बृजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम चीते की मडैया थाना चकरनगर जनपद इटावा।

5–नेमसिंह निवासी ग्राम खेडा अड्डा गोपालपुरा थाना चकरनगर जनपद इटावा।

**बरामदगी**

1–चोरी का 01 ट्रैक्टर।

2–03 मोबाइल फोन।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद प्रतापगढ़/थाना लीलापुर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 40 मोबाइल फोन**
- **03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 15.09.2024 को थाना लीलापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बरदैत लोनी नदी के पास से 03 अभियुक्तों 1–अनिरूद्ध उर्फ राजा बाबू उर्फ सलमान 2–सलमान 3–अब्दुल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 40 मोबाइल फोन, 03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। उल्लेखनीय है कि दिनांक 11/12.09.2024 की रात्रि थाना मऊआइमा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मऊआइमा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना लीलापुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनिरूद्ध उर्फ राजा बाबू उर्फ सलमान निवासी ग्राम धारूपुर जलेसरगंज थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

2–सलमान निवासी बडी मदारी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज, हालपता देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

3–अब्दुल निवासी बडी मदारी थाना मऊआइमा कमिश्नरेट प्रयागराज, हालपता देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1–चोरी के 40 मोबाइल फोन।

2–03 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

———–